प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



संजय भाटिया के जरिए भाजपा ने दिया बड़ा सियासी संदेश! पेज- 2

दिव्यांग पेंशन में पांच सौ की बढ़ोत्तरी, अब मिलेंगे 1500 रुपए पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 77 | रविवार 08 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

# ड्रोन, इलेक्ट्रिक मोटर युद्ध में सबको कर रहे तबाह

## इस तकनीक पर चीन का दबदबा : राहुल गांधी

(एजेंसी) तिरुवनंतपुरम लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने यूक्रेन युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल की अहमियत पर बातचीत की। तिरुवनंतपुरम के टेक्नो पार्क में आईटी समुदाय के साथ इंटरैक्टिव सेशन में उन्होंने कहा, यूक्रेन के युद्धक्षेत्र में ड्रोन की सर्कुलर मोशन से इंटरनल कम्बस्शन इंजन पूरी तरह तबाह हो रहे हैं, जबकि ईरान में सैन्य क्षेत्र बैटरी, ऑप्टिक्स और इलेक्ट्रिक मोटर की ओर बढ़ रहा है। इन तकनीकों पर चीन का दबदबा है, जो भारत के लिए बड़ी चुनौती है। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि सही नीतियों और दूरदर्शिता के साथ भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और सर्कुलर मोशन जैसी तकनीकों में चीन से मुकाबला कर सकता है, क्योंकि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जो इस बदलाव को तेजी से अपना सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि चीन ने दुनिया में एक बेहतरीन और बेजोड़ औद्योगिक उत्पादन प्रणाली विकसित की है, लेकिन यह



व्यवस्था जबरदस्ती वाली और गैर–लोकतांत्रिक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चीन ने उत्पादन के क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है, जबकि अमेरिका, भारत और अधिकांश दुनिया उपभोग के क्षेत्र में खेल रही है। असली रोजगार उत्पादन में हैं, न कि आईटी जैसे उपभोग वाले क्षेत्रों में। उन्होंने निराशा जताई कि भारत ने चीन को यह अवसर दे दिया। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि चीन की यह औद्योगिक प्रणाली अद्भुत है, लेकिन उसकी जबरदस्ती और गैर–लोकतांत्रिक प्रकृति भारत को पसंद नहीं। अगर भारत लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखते हुए मजबूत औद्योगिक उत्पादन प्रणाली बना सके, तो यह भारत और पूरी दुनिया के लिए बड़ी सेवा होगी। उन्होंने यूक्रेन–रूस युद्ध और पश्चिम एशिया के संघर्षों का जिक्र करते हुए बताया कि सैन्य शक्ति अब इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी की ओर बढ़ रही है। इन तकनीकों पर चीन का प्रभुत्व है। भारत के लिए यह बड़ी चुनौती है, क्योंकि हम ही एकमात्र देश हैं जो आंतरिक दहन इंजन से इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी आधारित सर्कुलर मोबिलिटी में बड़े पैमाने पर बदलाव कर सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सही नीतियों और दूरदर्शिता के साथ भारत चीन के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में प्रतिस्पर्धा कर सकता है, जिससे लाखों नौकरियां पैदा होंगी। चीन को अभी खुला रास्ता मिला हुआ है, लेकिन भारत के उभरने से उन्हें चिंता होनी चाहिए। राहुल गांधी ने भारत में बड़े व्यवसायों पर भी सवाल उठाए, जैसे अडानी और अंबानी, जो उत्पादन नहीं करते, बल्कि ऐसे उत्पाद बेचते हैं जो स्थानीय उत्पादन को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने उत्पादन की मानसिकता विकसित करने की जरूरत बताई।

# जन औषधि दिवसः प्रधानमंत्री मोदी बोले

## हर नागरिक को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना हमारी की प्रतिबद्धता

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन औषधि दिवस 2026 के अवसर पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरकार की प्रमुख सस्ती दवा पहल सभी नागरिकों के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना ने लाखों लोगों को काफी कम कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं पाने में मदद की है। उन्होंने कहा, जन औषधि दिवस 2026 पर, उन सभी लोगों को मेरी शुभकामनाएं, जो प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने इस योजना के मकसद का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य देखभाल को और सस्ता बनाने के सरकार के इरादे को दिखाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह पहल यह सुनिश्चित करने की हमारे प्रतिबद्धता को दिखाती है कि हर नागरिक को



सस्ती कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं मिलें। गौरतलब है कि यह योजना जन औषधि केंद्रों के नाम से जाने जाने वाले खास केंद्रों के एक नेटवर्क के जरिए चलती है, जो ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले काफी कम कीमत पर जेनेरिक दवाएँ देते हैं। सरकार के मुताबिक, इन केंद्रों ने देश भर के परिवारों पर स्वास्थ्य देखभाल के वित्तीय बोझ कम करने में मदद की है। पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट में कहा, जन औषधि केंद्रों के जरिए, अनगिनत परिवार स्वास्थ्य देखभाल के खर्च बचा रहे हैं और उन्हें सही इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना शुरू की है। इसका मकसद सस्ती दवाओं तक पहुंच बढ़ाना है, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए। पिछले कुछ सालों में, पूरे भारत में हजारों जन औषधि केंद्र खोले गए हैं, जो अलग–अलग इलाज की श्रेणी में कई तरह की दवाएं देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जन औषधि दिवस हर साल जेनेरिक दवाओं के फायदों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और देश भर के लोगों के लिए अच्छी स्वास्थ्य देखभाल को ज़्यादा आसान और सस्ती बनाने की सरकार की कोशिशों को दिखाने के लिए मनाया जाता है।

# बिहार और बंगाल को काटकर नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने की अटकलें, सरकार ने दिया जवाब

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में बिहार के सीमांचल का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने बिहार के बड़े अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठक की। इसके बाद इस बात की अटकलें लगने लगी कि बिहार के कुछ जिलों और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों के मिलाकर एक नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने की तैयारी चल रही है। इन अटकलों को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने और हवा दे दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्तारूढ़ भाजपा बंगाल को बांटने की कोशिश कर रही है। इन अटकलों पर केंद्र सरकार ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। पीआईबी फैक्ट चेक ने इन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया। इसे महज एक अफवाह करार दिया। आपको बता दें कि अटकलों में दावा किया जा रहा है कि बिहार के सीमांचल क्षेत्र (पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया) और पश्चिम बंगाल के उत्तरी जिलों (मालदा, उत्तर दिनाजपुर और सिलीगुड़ी कॉरिडोर) को जोड़कर एक नया प्रशासनिक केंद्र बनाया जाएगा। पीआईबी का कहना है कि भारत सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। यह पूरी तरह से एक अफवाह है। गृह मंत्रालय या किसी भी आधिकारिक संस्था ने इस तरह की किसी योजना की पुष्टि नहीं की है। सरकार ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे ऐसी अपुष्ट और संवेदनशील खबरों को साझा न करें जो क्षेत्रीय भावनाओं या राजनीतिक तनाव को भड़का सकती हैं। यह अफवाह




तब और तेज हो गई जब हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के सीमांचल और उत्तर बंगाल का दौरा किया। गृह मंत्री ने सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ सुरक्षा व्यवस्था, घुसपैठ और ड्रग तस्करी रोकने के लिए बैठकें की थीं। वहीं, भारतीय सेना ने हाल ही में सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा के लिए किशनगंज (बिहार) और पश्चिम बंगाल में नई चौकियां स्थापित की हैं। विपक्षी दलों और कुछ स्थानीय मीडिया आउटलेट्स ने इन सुरक्षा कदमों को नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने की तैयारी के रूप में प्रचारित किया, जिसका सरकार ने अब खंडन कर दिया है।आपको बता दें कि सिलीगुड़ी कॉरिडोर पश्चिम बंगाल में स्थित भूमि की एक संकीर्ण पट्टी (20–22 किमी चौड़ी) है जो मुख्य भूमि भारत को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ती है। यह रणनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील है। सरकार यहां एक अंडरग्राउंड रेलवे प्रोजेक्ट (40 किमी) बनाने की योजना जरूर बना रही है ताकि युद्ध या आपदा के समय पूर्वोत्तर से संपर्क न टूटे, लेकिन इसके लिए किसी भौगोलिक या प्रशासनिक बदलाव का कोई इरादा नहीं है।

## सरकार ने 2026-27 के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3.03 करोड़ टन तय किया

(एजेंसी) नई दिल्ली। सरकार ने आगामी रबी विपणन सत्र 2026–27 के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3.03 करोड़ टन निर्धारित किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) के सचिव की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां राज्य खाद्य सचिवों की बैठक में यह लक्ष्य तय किया गया। गेहूं की अधिकांश खरीद अप्रैल और जून के बीच की जाती है, जबकि अन्य फसलों की खरीद मार्च तक चलती है। वर्ष 2025–26 (रबी फसल) के लिए धान की खरीद चावल के रूप में 76 लाख टन अनुमानित है। इसके साथ ही राज्यों द्वारा श्मिलेट्सश (श्रीअन्न) सहित लगभग 7,79,000 टन मोटे अनाज की खरीद का भी अनुमान लगाया गया है। रिकॉर्ड 3.34 करोड़ हेक्टेयर में बुवाई और अनुकूल मौसम की स्थिति के कारण गेहूं का उत्पादन पिछले साल के रिकॉर्ड 11.79 करोड़ टन को पार कर 12 करोड़ टन तक पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास एक अप्रैल, 2026 तक गेहूं का स्टॉक लगभग 1.82 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो घरेलू आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत ने फरवरी में गेहूं और गेहूं उत्पादों के निर्यात पर लगा चार साल पुराना प्रतिबंध हटा दिया था। सरकार ने शुरुआती तौर पर 25 लाख टन गेहूं और पांच लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति दी है।

# चुनाव आयुक्त के दौरे से पहले कोलकाता में सीएम ममता का धरना, मृत घोषित हो चुके 22 लोगों को लाएंगी सामने

(एजेंसी) कोलकाता। देशभर के कई राज्यों में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद अलग–अलग राज्यों से लाखों की संख्या में लोगों के नाम काटे गए हैं। पश्चिम बंगाल में भी बड़ी संख्या में नाम काटे गए हैं। इसको लेकर सूबे की सीएम ममता बनर्जी शुरुआत से ही विरोध कर रही हैं। अब सीएम ममता ने नाम काटे जाने को लेकर कोलकाता में धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पोस्ट–एसआईआर प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची से मनमाने तरीके से नाम हटाए जा रहे हैं। ममता बनर्जी अपनी पार्टी के कई नेताओं के साथ कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चौनल इलाके में धरने पर बैठीं हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने कई ऐसे लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए उन्हें मृत घोषित कर दिया गया, जबकि वे अभी जिंदा हैं। उन्होंने कहा कि वे इस साजिश को बेनकाब करेंगी। सीएम ममता का यह धरना ऐसे समय में हो रहा है, जब कुछ ही दिनों में मुख्य चुनाव आयोग का बंगाल दौरा होने वाला है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह ऐसे 22 लोगों को मीडिया



के सामने पेश करेंगी, जिन्हें चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट में मृत दिखाया है। जबकि वे जिंदा हैं। इसके अलावा 8 ऐसे परिवारों को भी मंच पर लाया जाएगा, जिनका कहना है कि एसआईआर की प्रक्रिया में उन्हें नुकसान हुआ है। ममता बनर्जी और चुनाव आयोग के बीच लंबे समय से विवाद देखने को मिल रहा है। ममता एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत से ही चुनाव आयोग पर कई गंभीर आरोप लगा रही हैं। विवाद तब बढ़ा जब चुनाव आयोग की तरफ से 28 फरवरी को पश्चिम बंगाल की फाइनल वोटर लिस्ट जारी की गई थी। इस प्रक्रिया में लाखों मतदाताओं के नाम हटाए गए या उनके वोट देने के अधिकार पर सवाल खड़े हो गए। पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी आरोप लगाया कि पहले ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में करीब 58 लाख नाम हटाए गए। बाद में यह संख्या बढ़कर लगभग 63 लाख हो गई। वहीं 60 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम अभी जांच के अधीन हैं। उन्होंने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर नाम हटना संयोग नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है और अगर लाखों लोगों को वोट से वंचित किया जाता है तो निष्पक्ष चुनाव पर सवाल उठते हैं।

# 2027 को साधने में जुटे सीएम योगी पहुचे आगरा, संघ की बैठक में लिया हिस्सा, गिनाई सरकार की उपलब्धियां

(एजेंसी) आगरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को आगरा पहुंचे और उन्होंने संघ की एक बैठक में हिस्सा लेने के बाद एक अस्पताल का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री सुबह करीब साढ़े दस बजे खेरिया एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद वह शहर के एक होटल में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक में शामिल हुए। लगभग डेढ़ घंटे तक चली इस बैठक में मुख्यमंत्री मौजूद रहे। बैठक में बाहरी लोगों के प्रवेश की अनुमति नहीं थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने यथार्थ हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की स्थिति थी, जबकि अब वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में केवल 17 मेडिकल



कॉलेज थे, जबकि वर्तमान में प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। निजी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने वालों को प्रदेश सरकार सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्र सरकार ने भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पहले देश में केवल एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान था। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में छह एम्स स्थापित हुए और अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में 23 एम्स संचालित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में रायबरेली और गोरखपुर में एम्स संचालित हैं। डबल इंजन की सरकार ने प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य बीमा का कवर देने का काम किया है। लगभग 5.60 करोड़ गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं और यह संख्या जल्द ही 10 करोड़ तक पहुंचने वाली है। योगी ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए करीब 1300 करोड़ रुपये भी दिए जा चुके हैं और प्रदेश सरकार हर व्यक्ति को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी महंगाई, सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी पर अखिलेश का सरकार पर तीखा हमला

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महंगाई और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को लेकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और सरकार टैक्स बढ़ाकर लोगों पर बोझ डाल रही है। अखिलेश यादव ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज ही एलपीजी सिलेंडर पर करीब 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। सरकार का कहना है कि कुछ परिस्थितियों के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं और बाद में कम कर दी जाएंगी, लेकिन एक बार जो चीज महंगी



हो जाती है वह दोबारा सस्ती नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां–जहां भाजपा की सरकार है, वहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों की कीमतें बढ़ने का एक बड़ा कारण भारी टैक्स है, जो कई मामलों में 50 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा, हमारी समझ में एक ही बात आती है कि जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी महंगाई। इस बीच, आगामी यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी में नेताओं के शामिल होने का सिलसिला भी जारी है। शनिवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व नेता और संत कबीर नगर से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रोहित पांडेय ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ डीएनएनएस यादव, पूर्व पुलिस अधिकारी राजीव गुप्ता समेत कई अन्य लोगों ने भी पार्टी जॉइन की। इस दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा बार–बार सपा की नई–नई छवि पेश करने की कोशिश करती है। उन्होंने हाल ही में वायरल हुए ष्कट्टाष वाले गीत का जिक्र करते हुए कहा कि यह सपा की छवि खराब करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि इस गाने के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और यदि कार्रवाई नहीं होती है तो इसके पीछे भाजपा की भूमिका मानी जाएगी। अखिलेश ने कहा कि जिस सरकार ने प्रदेश में एक्सप्रेसवे, लोकभवन और गोमती रिवर फ्रंट जैसे बड़े विकास कार्य किए हों, उसके बारे में इस तरह के गीत बनाना गलत है। उन्होंने दावा किया कि सपा सरकार के दौरान सबसे अधिक थर्मल पावर प्लांट लगाए गए और विकास के कई बड़े काम किए गए। वहीं सपा में शामिल हुए रोहित पांडेय ने कहा कि भाजपा देश को पीछे ले जा रही है, जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव का विजन साफ है। उन्होंने कहा कि पहले यह धारणा थी कि सवर्ण वोट केवल भाजपा को मिलता है, लेकिन लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने इस धारणा को तोड़ दिया है।

# इंदू प्रकाश नर्सिंग कॉलेज पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। घोसी कस्बा स्थित इंदु प्रकाश नर्सिंग कॉलेज पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेद प्रकाश राय जॉइन सेक्रेटरी बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन रहे। वेद प्रकाश राय ने अपने संबोधन में कहा



कि देश के इतिहास में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। श्री राय ने छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं मैडल देकर सम्मानित किया और अपने संबोधन से उनका उत्साहवर्धन किया, प्रकाश ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष डॉ मनीष राय ने कहा कि कठिन परिश्रम से लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। संयुक्त सचिव वेद प्रकाश राय ने कहा कि अंतरिक्ष से लेकर पनडुब्बी का साफ संचालन महिलाएं कर रही हैं। देश में महिलाएं मजबूती के साथ अपनी प्रतिभा के दम पर देश की सेवा कर रही हैं। आईएएस आईपीएस की परीक्षा पास करना और स्वास्थ्य सेवा सहित सामाजिक कार्यों में भी महिलाओं का विशेष योगदान है और परिवार के साथ अपने देश समाज और माता–पिता का नाम रोशन कर रही हैं कहा कि .ढ़ इच्छा शक्ति के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक संकल्प बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि इंदु नर्सिंग कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त है। इस कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर मनीष राय की सराहना करते हुवे कहा कि डॉक्टर मनीष राय द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दिया जाना अतुलनीय है, इससे स्थानीय बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अपने परिवार के साथ साथ समाज की भी सेवा कर रहे हैं और अच्छे पदों पर नौकरी भी प्राप्त कर रहे हैं। डॉक्टर मनीष राय ने कहा की मन में नकारात्मक भाव कभी भी नहीं आने देना चाहिए पूरे उत्साह के साथ अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए स्वास्थ्य सेवा एक बहुत बड़ी समाज सेवा है उन्होंने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि अपने जनपद के लोग उच्च शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवा से कभी वंचित न रहे, संयुक्त सचिव वेद प्रकाश राय को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर अध्यक्ष डॉक्टर मनीष राय और इंदु प्रकाश नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल पार्थिबन. सी ने सम्मानित किया। डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉक्टर संदीप राय, भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद चौधरी, काछी ग्राम सभा के पूर्व प्रधान अनिल राय समाजसेवी रजनीश राय रमेश शर्मा, इंदु प्रकाश नर्सिंग स्कूल के प्रिंसिपल ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सदर तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में पांच शिकायतें निस्तारित

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनसमस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में अविनाश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सभागार मे सम्पन्न हुआ। जिसमे 43 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए मौके पर पांच का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान



दिवस में कुल 224 शिकायत, प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 29 शिकायत, प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 35 शिकायत, प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 18 शिकायत, प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। सेवराई तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 28 शिकायत, प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर तीन का निस्तारण किया गया। तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 39 शिकायत, प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 03 निस्तारण किया गया। तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 22 शिकायत, प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 03 का निस्तारण किया गया एवं तहसील मुहम्मदाबाद में तहसीलदार की अध्यक्षता में 39 शिकायत प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आम जनमानस की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कुछ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया। शेष शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद और आपसी विवाद एक ही विषय से सम्बन्धित होते है इसलिए राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विवादों का निस्तारण सुनिश्चित करें। तहसील के समस्त लेखपालों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता की छोटी–छोटी समस्याएँ जिनका तत्काल निस्तारण किया जा सकता है। उसके लिए किसी व्यक्ति को परेशान न किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, उपजिलाधिकारी सदर रविश गुप्ता, तहसीलदार सदर, क्षेत्राधिकारी सदर एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूपीएससी में साइमा खान ने पाई 135 वीं रैंक

## - प्रियंका चौधरी की 79 वीं, प्रांजल राय की 250 रैंक, गांव में खुशी का लहर

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में जनपद के युवाओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस बार जिले की दो बेटियों और एक युवक ने शानदार रैंक हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गाजीपुर की प्रियंका चौधरी ने 79वीं रैंक, साइमा सेराज अहमद खान ने 135 वीं रैंक और प्रांजल राय ने 250वीं रैंक प्राप्त की है। इन सफलताओं से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी खुशी का माहौल है और लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। जखनियां क्षेत्र के गौरा खास गांव की रहने वाली प्रियंका चौधरी ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में 79वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस सफलता ने पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। प्रियंका की शुरुआती पढ़ाई इंटरमीडिएट तक हिंदी माध्यम से अपने ही क्षेत्र में हुई। इसके बाद उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय से बीएससी, एमएससी और बीएड की पढ़ाई पूरी की। वर्तमान समय में वह भौतिक विज्ञान विषय से पीएचडी कर रही हैं। प्रियंका के पिता लंबे समय तक जखनियां तहसील में उपजिलाधिकारी के वाहन चालक के रूप में कार्य कर चुके हैं और वर्तमान में सहायक अनुसेवक के पद पर कार्यरत हैं। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद प्रियंका की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। जिले की सेवराई तहसील के उसियों गांव की निवासी साइमा सेराज अहमद खान ने भी संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 135 वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इससे पहले वर्ष 2023 की यूपीएससी परीक्षा में साइमा ने 165 वीं रैंक हासिल की थी, जिसके बाद उन्हें भारतीय राजस्व सेवा में दक्षिण भारत के एक राज्य में सेवा करने का अवसर मिला था। हालांकि उनका लक्ष्य भारतीय प्रशासनिक सेवा बनना था। इसी उद्देश्य से उन्होंने दोबारा परीक्षा दी और इस बार 135वीं रैंक हासिल कर अपनी मेहनत और .ढ़ संकल्प का परिचय दिया। उनकी इस सफलता पर उनके पिता सेराज अहमद खान माता आशमा खातून और समाजसेवी इमरान खान सहित परिवार और क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और समाज की अन्य लड़कियों को भी साइमा खान से प्रेरणा लेनी चाहिए। साइमा सेराज अहमद खान की प्रारंभिक शिक्षा कोलकाता में हुई। इसके बाद उन्होंने मैट्रिक की पढ़ाई मुंबई से पूरी की और इंटरमीडिएट की शिक्षा फिर से कोलकाता में प्राप्त की। स्नातक की पढ़ाई उन्होंने कोलकाता के प्रसिद्ध सेंट जेवियर्स कॉलेज से पूरी की। वर्तमान में उनके माता–पिता कोलकाता में रहते हैं। उनके पिता व्यवसाय से जुड़े हुए हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। परिवार के सहयोग और अपनी मेहनत के



बल पर साइमा ने यह उपलब्धि हासिल की है, जिससे गांव और जिले में गर्व का माहौल है। जिले के नगसर गांव के निवासी प्रांजल राय ने भी संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 250वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। प्रांजल की सफलता से उनके गांव और आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गाजीपुर के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है और मेहनत के दम पर वे देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली परीक्षाओं में भी सफलता हासिल कर रहे हैं। इन सफलताओं ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उचित मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से छोटे गांवों से निकलकर भी युवा देश की सर्वोच्च प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना स्थान बना सकते हैं। प्रियंका चौधरी, साइमा सेराज अहमद खान और प्रांजल राय की उपलब्धि ने जिले के युवाओं को नई प्रेरणा दी है। उनकी सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जिले के लोगों को गर्व महसूस हो रहा है।

# अस्पताल संचालक की हत्या का खुलासा, फर्जी रिपोर्ट के सहारे पहुंचा था आरोपी

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। नगर के एक निजी अस्पताल में संचालक की हत्या के मामले में पुलिस जांच तेज हो गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावर ने फर्जी पैथोलॉजी रिपोर्ट बनवाकर मरीज बनकर अस्पताल में प्रवेश किया और संचालक को गोली मार दी। जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार शाम करीब सात बजे एक युवक मरीज बनकर शिवालय हेल्थ केयर सेंटर पहुंचा। उसने खून की जांच रिपोर्ट दिखाने के बहाने अस्पताल संचालक राजकुमार के केबिन में प्रवेश किया। इसी दौरान उसने संचालक को सीने में गोली मार दी। गोली लगने से राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी बाइक अस्पताल के बाहर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने अस्पताल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसके आधार पर हमलावर की पहचान ग्राम तिवड़ी निवासी विकास उर्फ छोटू के रूप में की गई है। आरोपी की गिरतारी के लिए पुलिस ने चार टीमों का गठन किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार देर रात करीब तीन बजे आरोपी का मोबाइल कुछ देर के लिए चालू हुआ, जिसकी लोकेशन हरिद्वार में मिली, लेकिन उसके बाद से मोबाइल बंद है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि गोली सामने से सीने में लगी और शरीर के अंदर ही फंस गई थी। मृतक की बहन निशा, जो गाजियाबाद से नगीना पहुंची थीं, ने थाने में आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पूर्व साझेदार भी जांच के दायरे में पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ समय पहले राजकुमार को गाजियाबाद से नगीना लाकर एक निजी अस्पताल खुलवाने में ग्राम तिवड़ी के एक व्यक्ति की भूमिका रही थी। दोनों ने करीब एक वर्ष तक साझेदारी में अस्पताल चलाया, लेकिन बाद में किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और वे अलग–अलग अस्पताल संचालित करने लगे। पुलिस ने संदेह के आधार पर उस पूर्व साझेदार से भी पूछताछ की है। मास्टर देव के नाम से बनी थी फर्जी रिपोर्ट घटना के बाद पुलिस को राजकुमार के केबिन में खून की जांच की एक रिपोर्ट मिली, जो मास्टर देव नाम से तैयार की गई थी। जांच के दौरान पुलिस कोतवाली देहात क्षेत्र की एक पैथोलॉजी लैब तक पहुंची। लैब संचालक ने बताया कि यह रिपोर्ट ग्राम तिवड़ी के एक कथित चिकित्सक के कहने पर बनाई गई थी और इसके लिए किसी प्रकार का खून का नमूना भी नहीं लिया गया था।

# विकसित भारत के लिए जरूरी जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। उद्यान विभाग द्वारा .षि विज्ञान केंद्र पिलखी रतनपुरा पर जनपद के सभी विकास खण्डों से चयनित सौ किसानों की प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ प्रगतिशील .षक वीरेंद्र नारायण सिंह, धनई सिंह, कोमल यादव, महेश मौर्या एवं चंद्रिका मौर्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरिगेशन योजना में ड्रिप इरिगेशन, मिनी और पोर्टेबल स्प्रिंकलर की सिंचाई विधि के बारे में विस्तार से किसानों को अवगत कराया गया। कम लागत में अधिक मुनाफा की खेती कैसे की जाए और साथ ही साथ जल संरक्षण के साथ प्र.ति और पर्यावरण की रक्षा कैसे किया जाए, इस बारे में किसानों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में .षि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉक्टर विनय कुमार सिंह द्वारा आम, अमरूद के बागों में ड्रिप सिंचाई के प्रयोग के साथ सभी .षि और उद्यान फसलों में ड्रिप और स्प्रिंकलर के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ साथ 2047 तक विकसित भारत के साथ विकसित .षि के उद्देश्य की पूर्ति, योजना से किए जाने के बारे में किसानों से योजना से जुड़ने की अपील की गई। डॉ अंगद प्रसाद एवं डॉ हिमांशु राय द्वारा स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, साग भाजी फसलों में जल संरक्षण हेतु तथा उर्वरक एवं .षि रक्षा रसायन के संतुलित मात्रा में ड्रिप/स्प्रिंकलर के माध्यम से प्रयोग करने से खेती में उत्पादन में बीस से तीस तक की वृद्धि एवं लगभग 25 से 50 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर लागत कम करने के बारे में जानकारी दी गई। जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्त ने गन्ने की फसल में ड्रिप के प्रयोग से होने वाले आर्थिक बचत एवं शाकभाजी की सह फसली खेती करते हुए खेती को दोगुनी लाभकारी बनाने के लिए ड्रिप/स्प्रिंकलर सिंचाई से जुड़ने का आवाहन किया। योजना प्रभारी अरुण कुमार यादव द्वारा प्रधानमंत्री .षि सिंचाई योजना में पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रोइरिगेशन कार्यक्रम में 90 प्रतिशत तक अनुदान और योजना में पंजीकरण के साथ लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के सत्र में 100 किसानों के लिए एक वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया जिसमें किसानों को योजना से जुड़ी हुई जानकारी तथा योजना का लाभ वो कैसे लेंगे, इस बारे में बताया गया। इसके साथ ही ड्रिप सिंचाई और स्प्रिंकलर सिंचाई का .षि विज्ञान केंद्र पर स्थापित सिस्टम चलवा कर लाइव प्रदर्शन भी दिखाया गया। इसके पार्ट्स और प्रयोग किसान कैसे करेंगे, इन सब के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही पूरे देश और प्रदेश में जल संरक्षण का जो अभियान चल रहा है इसमें हम अपनी योजना के माध्यम से कैसे सहयोग कर सकते हैं, इसके बारे में भी किसानों को समझाया गया। इस अवसर पर निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधि और इंजीनियर पंकज यादव, संजय कुमार सिंह, सूरज वर्मा द्वारा विभिन्न कंपनियों द्वारा जनपद में .षक प्रक्षेत्र पर कार्यक्रम कराए जाने हेतु अपने नंबर साझा करते हुए योजना से जुड़कर लाभ लेने का अनुरोध किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उद्यान निरीक्षक अरुण कुमार यादव, विकास खंड प्रभारी चंद्रभान, सुनील कुमार गुप्त, बालजीत, राजकुमार, अमरनाथ यादव, जोगेंद्र यादव सहित .षक उपस्थित रहे।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## - प्रेम संबंधों की चर्चा के बाद गांव में मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। कोतवाली शहर क्षेत्र के गांव घासीवाला में ग्राम समाज की जमीन पर खड़े एक पेड़ से युवक का शव लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार गांव घासीवाला निवासी सागर सरदार (25) पुत्र .ष्णा सरदार का शव ग्राम समाज की जमीन पर खड़े एक पेड़ से रस्सी के फंदे के सहारे लटका हुआ मिला। सुबह जब ग्रामीणों की नजर पेड़ पर लटके शव पर पड़ी तो गांव में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि सागर सरदार शादीशुदा था। गांव में चर्चा है कि उसका गांव की ही एक महिला से प्रेम संबंध हो गए थे। कुछ दिन पहले ही इन संबंधों की जानकारी गांव के लोगों को लग गई थी, जिसके बाद गांव में इस मामले को लेकर पंचायत भी हुई थी। पंचायत में ग्रामीणों ने युवक को ऐसे संबंधों से दूर रहने की सलाह दी थी। घटना के बाद मृतक की पत्नी और परिवार वालों का रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में तरह–तरह की चर्चाएं चल रही हैं। शहर कोतवाल राम प्रताप ने बताया कि युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। प्रथम .ष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# हिंद मेडिकल कॉलेज के किंगपिन पर करोड़ों के खेल का आरोप

## - डीड बदली, हस्ताक्षर जाली और बैंक भी सवालों के घेरे में!

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जहां एक ओर अटरिया स्थित हिंद हॉस्पिटल पर किसानों की जीवनदायिनी नहर का गला घोंटने के गंभीर आरोप अभी ठंडे भी नहीं हुए थे, वहीं अब राजधानी लखनऊ




से सटे सफेदाबाद के हिंद मेडिकल कॉलेज में एक ऐसे मेगा स्कैम का खुलासा हुआ है जिसने स्वास्थ्य और शिक्षा जगत में हड़कंप मचा दिया है। सेवा के नाम पर बने ट्रस्ट को निजी जागीर बनाकर करोड़ों की लूट का काला चिट्ठा अब कोर्ट की चौखट तक जा पहुँचा है। 2004 की मूल ट्रस्ट डीड से छेड़छाड़ अपनों को ही किया बाहर! हिंद चैरिटेबल ट्रस्ट की नींव जिस नेक मकसद से रखी गई थी, उसे चेयरमैन डॉ. अमोद कुमार सचान ने कथित तौर पर अपनी लालच की भेंट चढ़ा दिया। आरोप है कि डॉ. सचान ने वर्ष 2004 की मूल ट्रस्ट डीड के साथ ऐसी खतरनाक बाजीगरी की कि बाकी के पांच मूल ट्रस्टी रातों–रात गायब कर दिए गए। मूल स्टाम्प और दस्तावेजों में हेरफेर कर बाकी ट्रस्टियों के नाम हटाए गए। डॉ. सचान ने खुद को सर्वेसर्वा और अपनी पत्नी ऋचा मिश्रा को ट्रस्ट का मुख्य चेहरा घोषित कर दिया। जिन ट्रस्टियों (हरीश चंद्र और सुनील कुमार वर्मा) की मृत्यु हो चुकी है, उनके अस्तित्व को भी इस कागजी साजिश में मिटा दिया गया। इस पूरे प्रकरण में एचडीएफसी बैंक की कार्यप्रणाली भी सीधे तौर पर जांच के घेरे में है। आरोप है कि बैंक के अधिकारियों ने बिना किसी फिजिकल सर्वे या मूल दस्तावेजों की गहन जांच किए, डॉ. सचान की कूटरचित डीड के आधार पर करोड़ों की ओवरड्राट लिमिट और बैंक गारंटी जारी कर दी। क्या बैंक मैनेजर इस सिंडिकेट का हिस्सा थे? मूल ट्रस्टियों ने बैंक को मेल भेजकर आगाह किया, फिर भी फर्जी हस्ताक्षरों पर लोन की खैरात क्यों बांटी गई? बंदूक की नोक पर कब्जा और 2.5 करोड़ की लूट शिकायती पत्र में जो मंजर बयां किया गया है, वह किसी फिल्मी विलेन की कहानी जैसा है। आरोप है कि डॉ. सचान ने दर्जनों रायफलधारियों के साथ कॉलेज परिसर में धावा बोला, तोड़फोड़ की और वहां रखा 2.5 करोड़ रुपये का कैश (जो छात्रों की फीस और अन्य मदों का था) लूट लिया। यह सीधे तौर पर गुंडागर्दी और दबंगई का प्रमाण है। सियासी तड़का और 300 करोड़ का कर्जजाल सूत्रों की मानें तो यह सिर्फ एक ट्रस्ट का विवाद नहीं, बल्कि 300 करोड़ रुपये से अधिक के लोन का एक बड़ा मकड़जाल है। इस मामले में अब सियासी दखल भी बढ़ गया है, क्योंकि इतने बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा बिना रसूखदारों के संरक्षण के संभव नहीं है। थाना कैसरबाग में धारा 156/3 के तहत कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज। मुख्य ट्रस्टी बृज किशोर सिंह (70 वर्ष) ने अपनी और अपने परिवार की जान–माल की सुरक्षा की मांग की है। अब गेंद पुलिस के पाले में है कि वह डॉ. अमोद सचान और इस साजिश में शामिल अज्ञात सफेदपोशों पर कब शिकंजा कसती है। सावधान! जो संस्थान बीमारों को जीवन देने का दावा करता है, उसके भीतर धोखाधड़ी का ऐसा कैंसर पनप रहा है, जिसकी चपेट में न जाने कितने बैंक और निवेशक आ चुके हैं।

# घरेलू विवाद में दामाद ने सास को मारी गोली, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। थाना क्षेत्र के गांव फुलसंदा गंगदास में शुक्रवार शाम एक घरेलू विवाद ने खूनी रूप ले लिया। दामाद ने अपनी सास को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी बबली (50) पत्नी फकीर चंद की बेटी भावना ने करीब दो वर्ष पहले गांव के ही युवक सजल पुत्र शीतल के साथ प्रेम विवाह किया था। उस समय दोनों घर से चले गए थे, लेकिन करीब दो माह पहले ही वापस गांव लौटकर रहने लगे थे। बताया जाता है कि शुक्रवार शाम पति–पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर बबली अपनी बेटी और दामाद के बीच सुलह कराने के लिए मौके पर पहुंच गई। इसी दौरान गुस्से में आए सजल ने तमंचे से बबली पर गोली चला दी। गोली उसके सिर में जा लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपराध निरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से फरार है। उसकी गिरतारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# होली मिलन से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला, चांदी की चेन छीनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। होली के पावन पर्व पर ऊंचाहार थाना क्षेत्र के पूरे गोकना गांव के पास पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी को तहरीर देकर अज्ञात और नामजद हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना का विवरण पूरे गोकना निवासी गजेन्द्र त्रिपाठी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि शुक्रवार (06 मार्च) शाम करीब 5 बजे वह पूरे कुशल गांव में होली मिलन समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह गोकना स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचे, वहां मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। गले मिलने के बहाने किया हमला पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने पहले होली मिलने के बहाने उन्हें गले लगाया, लेकिन पुरानी रंजिश के चलते अचानक उन्हें बलपूर्वक जकड़ लिया। इसी दौरान हमलावरों ने पीड़ित के हाथ से चांदी की चेन छीन ली। जब गजेन्द्र ने इसका विरोध किया, तो उनमें से एक व्यक्ति ने कांच की बोतल से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। बीच–बचाव से बची जान मौके पर शोर सुनकर पहुंचे दप्पू और सूरज द्विवेदी ने बीच–बचाव किया, जिसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। पीड़ित ने शनिवार को थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है और प्रथम सूचना रिपोर्ट



दर्ज करने की मांग की है।

# मारपीट के पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

## - पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। जनपद के थाना गिरवां क्षेत्र के छनिहा पुरवा (जरर) निवासी दुलीचंद्र ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मारपीट के मामले में न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि दबंगों द्वारा उसके परिवार पर जानलेवा हमला किया गया, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उल्टा उसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। प्रार्थना पत्र के अनुसार 22 फरवरी को शिवबदन पुत्र जगदेव तथा उसके परिजनों राजेश, महेश, गोदा, इन्द्रा और अन्य लोगों ने रामसेवक, दुलीचन्द्र, नवल किशोर छोटेलाल व दिनेश यादव के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। बताया गया कि घायल दुलीचन्द्र का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पीड़ित के मुताबिक 24 फरवरी को जब उसके परिजन मेडिकल कॉलेज में भर्ती पीड़ित (दुलीचंद्र) को देखने जा रहे थे, तभी आशाराम (छनिहा पुरवा) के दरवाजे पर पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने कुल्हाड़ी, बांका, फरसा और लाठी–डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि घटना की सूचना देने के बावजूद थाना गिरवां पुलिस ने न तो आरोपियों का मेडिकल कराया और न ही उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। उल्टा आरोपियों से सांठगांठ कर उसके खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया। पीड़ित दुलीचन्द्र ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।



## 25 हजार रुपए का इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की पकड़ने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में गिरोह



बनाकर चोरी, लूटपाट, नकबजनी, हत्या का प्रयास आदि घटनायें कारित करने वाले गैंगस्टर एक्ट के 25 हजार के इनामिया वांछित अभियुक्त को थाना नरैनी पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है। अभियुक्त गैंग बनाकर अपने अन्य साथियों के साथ, चोरी नकबजनी आदि की घटनाओं को अंजाम देता था जिसके सम्बन्ध में थाना नरैनी में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजी.त किया गया था जिसमें अभियुक्त वांछित चल रहा था। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्त की जल्द गिरतारी हेतु 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था जिसे थाना नरैनी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सतना म0प्र0 रोड़ से पकड़ा गया। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम रवि पुत्र रामचन्द्र निवासी राजनगर थाना नरैनी बताया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में संदीप तिवारी प्र0नि0 नरैनी, उ0नि0 कल्बे अब्बास खां, कां0 सुनील कुमार, कां0 अजय यादव शामिल रहे।

## नेपालगंज के संसदीय चुनाव में एमाले के इस्तियाक राई विजयी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल सीमा से जुड़े नेपाल के बाँके जिले क्षेत्र संख्या–2 में मतगणना समाप्त होने के बाद प्रतिनिधि सभा सदस्य सांसद के रूप में नेपाली एमाले पार्टी के उम्मीदवार मोहम्मद इश्तियाक राई भारी मतों से विजयी हुए है। जीतने के बाद विजय जुलूस में भारी संख्या में उमड़ी जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके लिए देश और जनता सर्वोपरि हैं और वह जनहित को प्राथमिकता देते हुए कार्य करेंगे। विजय के बाद समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जी एन जी आंदोलन के बाद हो रहे इस वर्तमान चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की लहर के बीच जनता ने उन्हें जो जनादेश दिया है, उसका अर्थ इस क्षेत्र के समग्र विकास और आपसी सद्भाव को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के कारण ही बाँके–2 की जनता ने उन्हें एक बार फिर भरपूर समर्थन दिया है। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि जनता की अपेक्षाओं और विश्वास को कभी कमजोर नहीं होने देंगे तथा क्षेत्र के विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ाते रहेंगे। तीसरी बार सांसद निर्वाचित हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहम्मद इश्तियाक राई ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से किए गए सभी वादों और प्रतिबद्धताओं को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा और जो विकास कार्य अभी बाकी हैं, उन्हें भी निरंतर जारी रखा जाएगा। मतगणना के पश्चात निर्वाचन परिणाम के अनुसार एमाले पार्टी के मोहम्मद इश्तियाक राई ने रास्वपा के विवेक कुमार श्रेष्ठ को पांच हजार नौ सौ छियालिस मतों से पराजित कर तीसरी बार प्रतिनिधि सभा सदस्य का चुनाव जीता। राई को चौबीस हजार छह सौ अट्ठाईस मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी विवेक कुमार श्रेष्ठ को अठारह हजार छह सौ बयासी मत मिले। वहीं नेपाली कांग्रेस पार्टी के सुधांशु कोइराला तीसरे स्थान पर रहे और उन्हें सत्रह हजार पांच सौ छियानवे मत प्राप्त हुए।

# अलग-अलग जगहों से हुई चोरियों का खुलासा, एक गिरफ्तार

## - करीब दस लाख रुपए अनुमानित कीमत के 31 मोबाइल फोन, ईयरबड, चेक व नकद रुपए बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा शहर क्षेत्र में दूकान में हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि 4/05 मार्च की रात्रि को अज्ञात व्यक्ति द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ज्योति नगर में संतोष विश्वकर्मा मोबाइल के दूकान के शटर का ताला तोड़कर तथा बिजली खेड़ा में दिनेश कुमार प्रजापति के लोहे व सरिये की दूकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरतारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों की मदद व संदिग्धों से पूछताछ कर अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को छोटा बाइपास के पास से गिरतार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा चोरी करने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। गिरतार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किये गये करीब 10 लाख रुपए अनुमानित कीमत के 31 मोबाइल फोन, ईयरबड आदि सहित एसबीआई चेक व नकद रुपए बरामद हुए है। बता दें कि अभियुक्त द्वारा पूर्व में भी 08 मार्च को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में नरैनी रोड केसीएनआईटी के पास एक फॉर्म हॉउस में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें अभियुक्त को गिरतार कर जेल भेजा गया था। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम राजू उर्फ पिट्ठू/पिट्ठी पुत्र रामकिशोर निवासी चांदी पट्टी थाना अजयगढ़ जनपद पन्ना (म0प्र0) बताया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में बलराम सिंह प्र0नि0 कोतवाली नगर, आशुतोष त्रिपाठी चौकी प्रभारी मण्डी समिति, उ0नि0 प्रीत कुमार पाण्डेय, म0उ0नि0 रश्मि सिंह, कां0 सौरभ यादव, कां0 सतीश यादव, कां0 मनीष शुक्ला शामिल रहे।



## संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने तहसील मधुबन में की जनसुनवाई

### – 72 शिकायतों में से 11 का हुआ निस्तारण, दो शिकायतों के निस्तारण हेतु भेजी गई टीम

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जनपद के समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में तहसील मधुबन में संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 42 राजस्व विभाग की, 06 पुलिस विभाग, 03 विकास विभाग, 2 विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की शिकायतें थी। जनसुनवाई के दौरान 11 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। इसके अलावा 2 शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन कर मौके पर भेजा गया। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग के अधिक शिकायतों के .ष्टिगत जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने गुणवत्तापूर्ण ढंग से भी शिकायतों का निस्तारण करने को कहा जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट रहे तथा बार–बार एक ही शिकायत के निस्तारण के लिए उसे भाग दौड़ न करनी पड़े। उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों को उन्हें प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में शामिल है। अतः सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए उस पर कार्रवाई करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री इलमारन जी, उप जिलाधिकारी मधुबन के अलावा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## चेयरमैन ने ईओ पर लगाया ताला तोड़कर सामान चुराने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा में शनिवार को उस समय विवाद की स्थिति पैदा हो गई जब नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव पर कार्यालय का ताला तोड़कर फर्नीचर व महत्वपूर्ण कागजात चुरा कर ले जाने का आरोप लगाया। अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने बताया कि शनिवार सुबह कर्मचारियों ने उन्हें सूचना दी कि अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव नगर पंचायत कार्यालय का ताला तोड़कर कार्यालय में रखे फर्नीचर व दस्तावेज कहीं ले गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी पिछले कई महीनों से नियमित रूप से कार्यालय नहीं आ रहे हैं, जिससे नगर पंचायत का कार्य प्रभावित हो रहा है और कार्यालय का कामकाज अस्त–व्यस्त पड़ा है। इस संबंध में नगर के लोगों का भी आरोप है कि नगर पंचायत में कार्य बिल्कुल ठप है आम जनता बहुत परेशान है जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ और भी बहुत से कार्य महीनों लंबित रहते है आवेदन देने के कई महीनो तक उसकी जांच भी नहीं की जाती है जिससे प्रमाण पत्र मिलने में आम जनता को कई महीने लग जाते है इस कारण नगर पंचायत रूपईडीहा की आम जनता भी त्रस्त और ठगा महसूस कर रही है। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अधिशासी अधिकारी कई बार नगर पंचायत कर्मचारियों और सफाई कर्मियों के बीच तनाव की स्थिति भी उत्पन्न कर चुके हैं। एक बार विवाद इतना बढ़ गया था कि मामला थाने तक पहुंच गया था, जिसे समझा–बुझाकर शांत कराया गया। डॉ. वैश्य के अनुसार बिना किसी पूर्व सूचना के शनिवार सुबह कार्यालय का ताला तोड़कर सामान ले जाना गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि इसी कारण उन्होंने अधिशासी अधिकारी का दो माह का वेतन भी रोक दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में कार्यालय के बाबू गंगा प्रताप सिंह का भी सहयोग अधिशासी अधिकारी को मिल रहा है। वहीं इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव से मोबाइल पर बातचीत की गई तो उन्होंने सभी आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि उन्होंने कोई चोरी नहीं की है। नगर पंचायत का नया भवन बनकर तैयार हो गया है और उसे नगर पंचायत को हस्तांतरित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप पुराने नगर पंचायत कार्यालय में रखा सामान नए नगर पंचायत भवन में शिफ्ट कराया गया है। यह कार्य प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत किया गया है। इस मामले में चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी के बयान आमने–सामने आने से नगर पंचायत क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेज में इतार पार्टी का आयोजन

## - सैकड़ों अकीदतमंदों ने एक साथ खोला रोजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी। माह–ए–रमजान रहमतों और बरकतों का मुकद्दस महीना है। इस पवित्र महीने में रोजेदारों को इतार कराने का सबाब (पुण्य) बहुत बड़ा माना जाता है। इसी अकीदे और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के नेक मकसद से कस्बा खीरी के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेज में एक अजीमुश्शान (भव्य) इतार पार्टी का आयोजन किया गया। इस रूहानी और पुरनूर महफिल में सैकड़ों की तादाद में रोजेदारों ने शिरकत की और एक ही दस्तरख्वान पर बैठकर मगरिब की अजान के वक्त अपना रोजा खोला। कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था कि इतार से काफी समय पहले ही कॉलेज परिसर में लोगों की भारी भीड़ जुटने लगी थी। इस शानदार इतार पार्टी का मुकम्मल और बेहतरीन इंतजाम कॉलेज की प्रबंधक (एमडी) मोहतरमा उम्मी खातून और प्रिंसिपल हाजी सईद हुसैन गौरी की जेरे–निगरानी (देखरेख) में किया गया। प्रबंधन द्वारा रोजेदारों की सहूलियत का पूरा ख्याल रखा गया था। विशाल दस्तरख्वान पर खजूर और अन्य लजीज व्यंजनों की बेहतरीन व्यवस्था की गई थी, ताकि रोजेदारों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस भव्य इतार पार्टी में न केवल कॉलेज के स्टाफ और छात्रों ने हिस्सा लिया, बल्कि कस्बा खीरी के कई गणमान्य नागरिक, राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता, उलमा–ए–कराम और आम नागरिक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने बिना किसी भेदभाव के एक साथ बैठकर जिस तरह रोजा इतार किया, वह समाज में बराबरी, मोहब्बत और इंसानी भाईचारे का एक बेहद खूबसूरत पैगाम दे रहा था। इस खास मौके पर एमडी उम्मी खातून ने सभी रोजेदारों को रमजान–उल–मुबारक की दिली मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना हमें सब्र, त्याग और एक–दूसरे के प्रति हमदर्दी का सबक सिखाता है। इतार के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हमारे समाज के लोगों के बीच आपसी सौहार्द, एकता और मोहब्बत के पैगाम को मजबूत करना है। वहीं, कॉलेज के प्रिंसिपल हाजी सईद हुसैन गौरी ने इतार में शरीक हुए सभी मेहमानों का तहे दिल से इस्तकबाल किया और शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए किताबी ज्ञान के साथ–साथ बच्चों में अच्छे संस्कार व भाईचारे की तालीम देना भी हमारे संस्थान का मुख्य लक्ष्य है। ऐसे आयोजन दिलों को जोड़ने का काम करते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इतार से ठीक पहले का वक्त बेहद रूहानी रहा। सभी ने हाथ उठाकर अल्लाह की बारगाह में गिड़गिड़ा कर दुआएं मांगी। इस दौरान मुल्क (देश) में अमन–ओ–अमान, तरक्की, आपसी भाईचारे और अवाम की खुशहाली के लिए विशेष रूप से दुआएं की गईं। जैसे ही मगरिब की अजान गूंजी, चारों तरफ एक रूहानियत छा गई और लोगों ने अल्लाह का नाम लेकर अपना रोजा खोला। इसके तुरंत बाद परिसर में ही बा–जमात मगरिब की नमाज अदा की गई। कैसर पहलवान मेमोरियल इंटर कॉलेज द्वारा आयोजित यह इतार पार्टी पूरे कस्बे में चर्चा का विषय बनी हुई है। कार्यक्रम में आए लोगों ने इस उम्दा इंतजाम के लिए प्रबंधन की जमकर तारीफ की। यह आयोजन न सिर्फ एक धार्मिक रस्म तक सीमित रहा, बल्कि इसने कस्बा खीरी में गंगा–जमुनी तहजीब और कौमी यकजहती (राष्ट्रीय एकता) की एक शानदार मिसाल भी पेश की है।



## समारोह में विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाफल पर किया वितरित

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। स्थानीय सुंदर शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल की इंग्लिश मीडियम शाखा एसएसएम जेएचएस में शनिवार को आयोजित समारोह में विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाफल वितरित



किया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को मेडल, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबन्धक अतुल चन्द श्रीवास्तव रहे उन्होंने सभी मेधावियों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्जवलन से हुई। कार्यक्रम का संचालन सब डायरेक्टर सुधाकर श्रीवास्तव ने किया। आंचल, माधुरी हर्षिता ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्यातिथि ने सभी मेधावियों को प्रमाणपत्र व मेडल सम्मानित किया गया। जिसमें नर्सरी में शनाया खान प्रथम, सोम वर्मा द्वितीय, काशवी तृतीय, एलकेजी में मोहम्मद अतहर प्रथम, मोहम्मद जैद द्वितीय, मीनाक्षी चौरसिया तृतीय, यूकेजी मे अर्शील खान प्रथम, इनायाखान द्वितीय, अर्पित तृतीय, फस्ट मे शनवी श्रीवास्तव प्रथम मधु वर्मा द्वितीय रोशनी तृतीय, सेकेंड मे हिमांशु प्रथम, अलेहा खान द्वितीय, निगार खान तृतीय, थर्ड मे शाइस्ता फातिमा प्रथम, अनवहल द्वितीय, माधुरी वर्मा तृतीय, फोर्थ में अभय श्रीवास्तव प्रथम अविनाश श्रीवास्तव द्वितीय मोहम्मद अफजल वारसी तृतीय फिफ्थ सूची वर्मा प्रथम अनंत श्रीवास्तव द्वितीय अलिशबा तृतीय को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रीति गुप्ता सिमरन जहां यशी मिश्रा शबीना मिर्जा, हरीश कुमार, संजना श्रीवास्तव, रहनुमा शूबी, रोशनी, शबनूर, दीपक सिंह, माजूल इदरिशी नसरीन सहित बच्चों के अभिवावक मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में तहसीलदार ने सुनी समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार डलमऊ मंजरी सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी विभिन्न मामले को लेकर 13 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से एक शिकायत का निस्तारण हो सका। सलेमपुर के दरबारीहार से संजय कुमार, अरविंद, विमला, मालती देवी, अनूप कुमार के साथ लगभग एक दर्जन महिला एवं पुरुषों ने आकर रास्ते में जल भराव की समस्या की शिकायत की। फरियादियों का कहना है कि घरों से निकलने वाला पानी जल निकासी की व्यवस्था न होने से आम रास्ते से बह रहा है जिससे आवागमन में सुविधा होती है। कई बार शिकायत हुई लेकिन समाधान नहीं हुआ। पुलिस एवं राजस्व से अन्य शिकायतें भी प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी अशोक सचान कोतवाली प्रभारी राघवन कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक एडियो पंचायत कैलाश नाथ पटेल सहित अन्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।



## सीआरओ की अध्यक्षता में मिहींपुरवा में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, उप जिलाधिकारी राम दयाल, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।



मुख्य राजस्व अधिकारी श्री सिंह ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। सीआरओ ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। सीआरओ ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें। उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 25 में 01, कैसरगंज में 27 में 04, पयागपुर में 35 में 06, नानपारा में 52 में 05, महसी में 27 में 02 तथा तहसील सदर में प्राप्त 13 प्रार्थना–पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

